# पार्टी में हार के कारणों पर मंथन किया जाएगा : प्रशांत शर्मा

■ खाचरियावास ने वोटर्स को बताया विश्वासघाती

**जयपुर**, (का.प्र.)। भाजपा के उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पुनिया को हराने के बाद अपने पिता सहदेव शर्मा की विरासत 25 साल बाद संभालने वाले कांग्रेस विधायक प्रशांत शर्मा कहते हैं कि रिवाज नहीं बदला और राज बदला है तो इस पर पार्टी में मंथन किया जाएगा। वहीं सिविल लाइन से हारने वाले मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास में तो खुद की हार के बाद वोटर को विश्वास घाती कह दिया है।

इधर आमेर से विधायक बने प्रशांत शर्मा का कहना है कि वे आमेर के लिए नए नहीं है और ना आमेर के लोग उनसे अलग हैं। आमेर तो मेरे परिवार की तरह ही है। उन्होंने कहा कि मेरे पिता सहदेव शर्मा भी तीन बार आमेर से विधायक रह चुके हैं। यहीं कारण है कि आमेर के लोगों को मैं व्यक्तिगत रूप से जानता हूं।

प्रशांत शर्मा से कांग्रेस की हार और रिवाज बदलने के दावे पर कहा कि पार्टी में हार के कारणों पर मंथन किया जाएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी लोकेश शर्मा के आरोपों पर साफ-साफ कुछ नहीं कहा,लेकिन प्रशांत शर्मा बोले कि पार्टी को लोकतंत्र के महापर्व में अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने पर आत्म विश्लेषण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पार्टी भी इस बारे में समय आने पर जल्द फैसला करेगी। सचिन पायलट के करीबी माने जाने वाले प्रशांत शर्मा ने कहा कि जनता के बीच में अपने पिता की राह पर चलकर उनके मसलों का समाधान करेंगे। लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन होती है। इस दौरान अपने प्रतिद्वंदी प्रत्याशी और भाजपा नेता सतीश पूनिया के सोशल मीडिया पर पोस्ट को लेकर प्रशांत शर्मा ने जानकारी नहीं होने की बात कही और कहा कि पूनिया की भावुक पोस्ट उनका व्यक्तिगत विचार है, उन्होंने कहा कि आमेर की जनता ने उन्हें 5 साल सेवा करने के लिए चुना है। इधर सिविल लाइंस में हार के बाद अपने कार्यकर्ताओं से मिले मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने विकास कार्य करवाए जाने के बावजूद वोट नहीं मिलने पर वोटर को विश्वासघाती करार दिया। खाचरियावास ने कहा कि जब वोटर विश्वास पर खरा नहीं उतरे, वोटर विश्वास देकर विश्वासघात कर दे तो क्या कर सकते हैं? वोटर्स को मैंने कहा था कि सनातन धर्म की बात बीजेपी वाले 25 तारीख तक चला रहे हैं, इसके बाद गायब हो जाएगा। हर वोटर ने मुझे सम्मान दिया। जहां से हाईटेंशन लाइन हटाई, वहां से भी वोट नहीं मिला तो इसका मतलब है कि वोटर ने विकास को सम्मान नहीं दिया। कन्हैयालाल हत्याकांड में उसके परिवार को 2 करोड़ दिए सरकार ने, जयपुर में इमरान नाम के शख्स की हत्या हुई तो 50 लाख दिए। बीजेपी ने प्रचार किया कि कन्हैया के परिवार को 5 लाख दिए, उनको 50 लाख दिए।

## 3.82 लाख वोटर्स ने चुना 'नोटा'

**जयपुर**,(का.सं.)। राजस्थान में 199 विधानसभा सीटों पर हुए चुनाव के नतीजे सामने आ चुके हैं लेकिन इसमें सबसे ज्यादा हैरानी की बात यह है कि तीन लाख 82 हजार 45 वोटर्स ने 'नोटा' का विकल्प चुना है। यह वोट प्रदेश की 13 विधानसभा क्षेत्रों में पड़ें हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि कांग्रेस व भाजपा के साथ-साथ अन्य राजनैतिक दलों और निदर्लीय प्रत्याशियों में क्या एक भी योग्य उम्मीदवार इन लोगों की नजर में नहीं था। जानकारी के मुताबिक नसीराबाद, कठूमर, बांसवाड़ा, बायतु, चौहटन, आसीन्द, जहाजपुर, कोटपूतली, हवामहल, भीनमाल, जायल, खींवसर और मावली विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने नोटा का विकल्प चुना।



राजस्थान में भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिलने के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सी.पी.जोशी ने सोमवार को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की।

## राज्यपाल को विधानसभा के निर्वाचित सदस्यों के नामों की सूची सौंपी



राज्यपाल कलराज मिश्र से सोमवार को यहां राजभवन में भारत निर्वाचन आयोग के प्रमुख सचिव नरेन्द्र एन. बुटोलिया और राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता के नेतृत्व में मिले एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र को उन्होंने इस दौरान राजस्थान विधानसभा चुनाव-2023 में निर्वाचित 199 सदस्यों के संबंधित दल सहित उनके नाम की अधिसूचना की प्रति सौंपी। मिश्र ने भारत निर्वाचन आयोग के मार्गदर्शन में राजस्थान के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, चुनाव में लगे समस्त कार्मिकों आदि द्वारा चुनाव-प्रक्रिया के शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक निर्वहन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। भारत निर्वाचन आयोग के सचिव अश्विनी मोहाल, अवर सचिव चंद्रप्रकाश और विशेषाधिकारी सुरेशचन्द्र मौजूद रहे। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव सुबीर कुमार और प्रमुख विशेषाधिकारी गोविंद राम जायसवाल भी उपस्थित रहे।

## अस्पताल से नकदी से भरा बैग चोरी

**जयपुर**। प्रताप इलाके में प्रताप नारायण मेमोरियल हॉस्पिटल में चोरी का मामला सामने आया है। शॉल ओढ़कर घुसा बदमाश लैब में रखा बैग चोरी कर ले गया। बैग में एक लाख रुपए और कीमती सामान रखा था। हॉस्पिटल में लगे सीसीटीवी फुटेज में चोर की करतूत कैद हो गई। प्रताप नगर थाने में लैब टेक्नीशियन ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस फुटेज के आधार पर चोर की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि वाटिका रोड निवासी शंकर लाल अजमेरा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

# भतीजी से बस में दुष्कर्म, अभियुक्त ताऊ को दस साल की सजा

■ अदालत ने अभियुक्त पर तीस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है

**जयपुर**, (का.सं.)। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-1 महानगर प्रथम ने रिश्ते में भतीजी लगने वाली 12 साल की पीड़िता से स्लीपर बस में दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त ताऊ को दस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर तीस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

पीठासीन अधिकारी मनीषा सिंह ने अपने फैसले में कहा कि पीड़िता के परिजनों ने जयपुर जाने के लिए अपनी नाबालिग बेटी को अभियुक्त को सुपुर्द किया था। अभियुक्त ने उनके विश्वास की हत्या करते हुए बस में ही पीड़िता को नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोशी की हालत में उससे दुष्कर्म कर उस पर लैंगिक हमला किया है। अभियुक्त का अपराध डीएनए रिपोर्ट से भी साबित है। ऐसे में अभियुक्त के प्रति किसी तरह की कोई नरमी नहीं बरती जा सकती।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक ने अदालत को बताया कि पीड़िता और ताई ने 19 नवंबर, 2019 को जवाहर सर्किल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उसके छोटे देवर की बेटी उनके साथ ही रहती है। उसका बड़ा देवर पीड़िता को 11 नवंबर को उसके परिजनों से मिलवाने के लिए गांव लेकर गया था। जब पीड़िता वापस लौटी तो वह सुस्त थी। पीड़िता से पूछताछ करने पर उसने बताया कि घर से वापस लौटते समय 14 नवंबर को स्लीपर बस में आरोपी ताऊ ने उसे पानी में नशीला पदार्थ पिलाकर और अर्ध बेहोशी की हालत में होने के बाद उसके साथ दुष्कर्म किया।

इस दौरान जब रोकने का प्रयास किया तो आरोपी ने उसे थप्पड़ मारते हुए कहा कि यदि किसी को बताया तो उसकी मम्मी मर जाएगी। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया।


## बच्चों के लिए स्माइल कार्यक्रम आयोजित

**जयपुर** । मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान द्वारा अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर दिव्यांग, अनाथ एवं भिक्षावृति में लिप्त बच्चों के लिए स्माइल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रताप नगर स्थित सैंट जोसेफ कोवेंट स्कूल में किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष से.नि. आरएएस एन.एल.वर्मा ने सभी अतिथियों शाल एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया।

स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर, ट्रस्ट सदस्य व मीडिया प्रभारी प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंडित मोहित मुद्गल, अध्यक्ष भक्ति सिद्दान्त वाणी सेवा ट्रस्ट, विशिष्ट अतिथि बसंत जैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा, सवाई सिंह, अध्यक्ष राजस्थान समग्र सेवा संघ कवि गोपाल शरण, पंडित आशुतोष महाराज, दुर्गा वर्मा, अध्यक्ष महिला सशक्तिकरण फाउंडेशन, सहायक लेखाधिकारी हेमराज वर्मा, सुखराज वर्मा, दिनेश आलोरिया, सुरेश कुमार, भास्कर, चन्दन, सुमन देवी, अंजू वर्मा, बृजेश, मनीष आदि रहे।

# 'विजय दिवस' के स्मरण में कोणार्क कोर की मोटरसाईकिल रैली रवाना

**जयपुर** । कोणार्क "विजय दिवस" के स्मरणोत्सव के हिस्से के रूप में, 4 दिसंबर को जोधपुर सैन्य स्टेशन से जनरल ऑफिसर कमांडिंग कोणार्क-डेजर्ट कोर द्वारा एक मोटरसाइकिल अभियान को हरी झंडी दिखाई गई। यह अभियान 1971 में जैसलमेर-रेगिस्तान सेक्टर में पाकिस्तान पर विजय के बाद के 52वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की एक श्रृंखला का हिस्सा है। अभियान दल में भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना, भारतीय नौसेना, बीएसएफ और राजस्थान पुलिस के चौबीस कर्मी शामिल हैं; इस प्रकार यह 1971 के युद्ध में भाग लेने वाली सभी वर्दीधारी सेवाओं के कर्मियों का एक अनूठा संयोजन बन गया।




तीन दिनों की अवधि में, सवार पोखरण, मोहनगढ़, धनवार, रामगढ़, तनोट, किशनगढ़, लौंगेवाला और जैसलमेर सहित ऐतिहासिक स्थानों पर सवारी करते हुए 700 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेंगे, जहां निर्णायक लडाई लड़ी गई थी जिसके परिणामस्वरूप हमारी क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन करने का प्रयास करने वाले पाकिस्तानी सशस्त्र बलों की हार में।

मोटरसाइकिल टीम लौंगेवाला और जैसलमेर युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके युद्ध के शहीद नायकों को श्रद्धांजलि देगी। अभियान के दौरान, सवार वीर नारियों और दिग्गजों के साथ बातचीत सहित विभिन्न आउटरीच कार्यक्रम चलाएंगे, जिसका उद्देश्य उनके अनुभवों को फिर से जीना और उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान करना है। वे रास्ते में कई स्कूलों का दौरा करेंगे और 1971 के युद्ध में इस क्षेत्र में लड़ी गई प्रसिद्ध लड़ाइयों पर प्रेरक वार्ता और प्रस्तुतियाँ देंगे।

ग्रीन इंडिया पहल के हिस्से के रूप में, टीम गवर्नमेंट हाई स्कूल धीरपुरा, पोखरण मिलिट्री स्टेशन, तनोट, लौंगेवाला और रास्ते में अन्य स्थानों पर वृक्षारोपण भी करेगी और साथ ही कोणार्क कोर की निरंतर सेवा को दोहराते हुए स्थानीय लोगों को अधिक पेड लगाने के लिए प्रेरित करेगी।

## भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों ने मनाया जीत का जश्न

■ प्रदेश की जनता ने गहलोत सरकार की गारंटियों को नकार दिया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटियों पर पूर्ण विश्वास जताया : महेश शर्मा

**जयपुर**। प्रदेश भाजपा कार्यालय प्रभारी महेश शर्मा ने कहा कि राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 के परिणाम आने के बाद प्रदेश भाजपा कार्यालय में भाजपा के जीते हुए विधायक बधाई देने पहुंचे। भाजपा प्रदेश कार्यालय में दिनभर जहां कार्यकर्ताओं ने भाजपा की जीत पर जश्न मनाया, वहीं दूसरी ओर भाजपा विधायकों को मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। इस दौरान कार्यकर्ता ढोल-नगाड़ों पर नाचते हुए नजर आए। भाजपा की शानदार जीत के बाद राजधानी सहित प्रदेशभर से भाजपा विधायक और नेता प्रदेश कार्यालय पहुंचे। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, हवामहल से बाल मुकंदाचार्य, दीया कुमारी, कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, दूदू से डॉ प्रेम चंद बैरवा, सिविल लाइन्स से गोपाल शर्मा ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में पहुंचकर कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

प्रदेश भाजपा कार्यालय प्रभारी महेश शर्मा ने कहा कि प्रदेश की जनता ने गहलोत सरकार की गारंटियों को नकार दिया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटियों को चुनते हुए भाजपा पर पूर्ण विश्वास जताया। भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत रंग लाई। भाजपा के सांगानेर से नवनिर्वाचित विधायक भजन लाल शर्मा ने भाजपा कार्यालय को मंदिर बताते हुए कार्यालय की दहलीज पर माथा टेका और सभी कार्यकर्ताओं को भाजपा की जीत पर बधाई दी। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए भजनलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा की जीत प्रत्येक कार्यकर्ता और मतदाता की जीत है। भाजपा कार्यालय में जीत की बधाई देने के लिए बांदीकुई विधायक भागचंद टांकडा, शाहपुरा विधायक लालाराम बैरवा, पुष्कर विधायक सुरेश रावत, मांडल विधायक उदयलाल भडाणा, प्रतापगढ़ विधायक हेमंत मीणा भी पहुंचे और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जीत का जश्न मनाया। सभी नवनिर्वाचित विधायकों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनता के हितों में सर्वांगीण विकास के लिए काम करने का भरोसा दिलाया।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**जयपुर**। मालवीय नगर थाना इलाके में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि गड्ढे में गिरने से ओवर स्पीड बाइक का टायर फट गया। बाइक पर पीछे बैठा युवक उछलकर रोड पर गिर गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के भाई ने बाइक चल रहे अपने बहनोई के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि हादसे में दीप चन्द शर्मा (28) निवासी गांव दूधली बस्सी की मौत हो गई। 21 नवम्बर को दीप चन्द अपने बहनोई सौरभ शर्मा के साथ किसी काम से बजाज नगर आया था। देर रात बजाज नगर से दोनों बाइक पर जगतपुरा जा रहे थे। बहनोई सौरभ के ओवर स्पीड में बाइक चलाने के कारण गड्ढे में गिर गई। बाइक का टायर फटने से पीछे बैठा दीप चन्द उछल कर दूर रोड पर गिर गया। दीपचन्द के सिर में गंभीर चोट लगने पर उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

## महाधिवक्ता का त्यागपत्र मंजूर किया

**जयपुर**। राज्यपाल कलराज मिश्र को सोमवार को यहां राज भवन में महाधिवक्ता महेंद्र सिंह सिंघवी ने अपना त्यागपत्र सौंपा। राज्यपाल मिश्र ने उनका त्यागपत्र तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है।

# जयपुर परकोटे में अवैध मांस की दुकानें देख बिफरे विधायक बालमुकुंद आचार्य

### नगर निगम के अफसरों को मौके पर बुलाया और सभी दुकानों के लाइसेंस दिखाने को कहा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । हवामहल सीट से विधानसभा चुनाव जीतते ही बालमुकुंद आचार्य एक्टिव मोड में आ गए हैं। सोमवार सुबह अपने कार्यालय पहुंचे बालमुकुंद आचार्य से उनके समर्थकों ने जयपुर परकोटे इलाके में खुले में नॉनवेज की दुकान लगाने वालों की शिकायत की। इसके बाद उन्होंने चारदीवारी के प्रमुख बाजारों का दौरा किया।

इस दौरान रामगढ़ मोड़ पर एमएम खान नॉन वेज रेस्टोरेंट पर पहुंचे बालमुकुंद आचार्य ने नगर निगम के पशु चिकित्सक महेश शर्मा से पूछा कि इनका लाइसेंस कहां है, उसे लेकर आओ। इसके बाद बालमुकुंद आचार्य ने कहा-सुनो दिमाग में कोई गलतफहमी हो तो उसे निकाल देना। मैं मिठाई खाने वाला नहीं हूं। मैं ना खाऊंगा ना खाने दूंगा। आप इनसे इसका लाइसेंस पूछो। 20-25 फीट का जो कब्जा इन लोगों ने रोड पर कर रखा है। उसकी जानकारी मांगो। यहां पर टूरिस्ट कैसे आएगा। इन लोगों ने गंद मचा रखी है। कराची बनाना चाहते हो क्या? जयपुर अपरा काशी है। इस दौरान बालमुकुंद आचार्य ने एक लड़के से पूछा तेरा है क्या मियां यह दुकान, उस लड़के ने जवाब दिया कि नहीं मैं यहां खाना खाने आया हूं। बालमुकुंद आचार्य ने कहा जा अंदर जा और खा ले खाना। इसके बाद बालमुकुंद आचार्य ने कहा आंखें मत दिखाना, आंखें बिल्कुल मत दिखाना, बाबा बवाल है।





हवामहल क्षेत्र से भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य ने सोमवार को परकोटे में संचालित अवैध मांस की दुकानों को बंद करवाया।

■ आचार्य ने पशु चिकित्सक महेश शर्मा और सतर्कता उपायुक्त सुरेश महरानियां को फटकारते हुए कहा, जयपुर अपरा काशी है, कराची बनाना चाहते हो क्या?

इसके पहले बालमुकुंद आचार्य ने नगर निगम हेरिटेज के विजिलेंस कमिश्नर सुरेश महारानियां को फोन कर कहा कि चांदी की टकसाल और शहर के प्रमुख बाजारों में जो रोड पर नॉनवेज की दुकानें हैं, इसे हटा दीजिए। सभी के लाइसेंस चेक किए जाएंगे। इन सब की रिपोर्ट मैं आपसे लूंगा।

इस पर महारानियां ने कहा यह लाइसेंस विंग का काम है। बालमुकुंद आचार्य ने उनसे सवाल कर पूछा कि क्या रोड पर खुले में नॉनवेज बेच सकते हैं। क्या आप इन लोगों का समर्थन कर रहे हो। इस पर महारानियां ने इनकार कर दिया। साथ ही कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस पर बालमुकुंद आचार्य ने फिर से कहा मुझे मतलब नहीं है। महारानियां कौन अधिकारी है। मुझे इसकी रिपोर्ट चाहिए। इसके बाद दिन में बालमुकुंद आचार्य चारदीवारी के प्रमुख बाजारों के दौरे पर निकल गए। जहां उन्होंने सुबह चांदी की टकसाल इलाके में खुले में बेची जा रहे नॉनवेज की दुकानों को लेकर आपत्ति जताई। नगर निगम के एनिमल डॉक्टर महेश शर्मा भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान बालमुकुंद आचार्य ने शर्मा को जमकर लताड़ लगाते हुए सभी अवैध दुकानों को बंद करने की हिदायत दी।

बालमुकुंद आचार्य ने कहा कि हवामहल में बांग्लादेशियों ने नॉनवेज के ठेले लगा रखे हैं। जो नियमों के विपरीत हैं। इन लोगों के पास लाइसेंस तक नहीं हैं। प्रशासन की मिली भगत की वजह से इसे कोई अब तक पूछ नहीं रहा था। अब ऐसा बिल्कुल नहीं चलेगा। मेरा एजेंडा सनातन की रक्षा करना है। इसलिए इस तरह के लोगों को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करूंगा। इन लोगों की वजह से सड़क पर खुलेआम नॉनवेज बन रहा था। आम जनता परेशान हो रही थी।

उन्होंने कहा खुलेआम नॉनवेज बनने की बदबू की वजह से लोगों ने इन रास्तों से गुजरना तक बंद कर दिया था। इन इलाकों में ही कई बड़े मंदिर भी है। नॉनवेज के ठेलों, इनकी बदबू और कुत्तों की वजह से यहां आना लोगों ने बंद कर दिया था। जिसे अब किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री पद को लेकर 13 सिविल लाइन में तेज हुई लॉबिंग

■ राजे समर्थक विधायको ने कहा, "राजे ही बने मुख्यमंत्री"

**जयपुर**। राजस्थान विधानसभा चुनाव में जीत के बाद अब भाजपा में मुख्यमंत्री के चयन को लेकर दिल्ली से लेकर जयपुर तक हलचल तेज हो गई है। आज मुख्यमंत्री पद को लेकर दिल्ली में बैठकों का दौर जारी हैं। हालांकि भाजपा के मुख्यमंत्री पद के दावेदार नेताओं ने जीत के बाद रणनीतिक रूप से चुप्पी साध रखी है। मुख्यमंत्री पद के लिए जहां दिल्ली में लोगों चल रही है तो वहीं प्रदेश में भी लगातार लोगों चल रही है इसी बीच मुख्यमंत्री पद की हलचल के बीच आज 25 से ज्यादा विधायक वसुंधरा राजे से सिविल लाइंस स्थित उनके आवास पर मुलाकात कर चुके हैं। इनमें कालीचरण सराफ, बाबू सिंह राठौड़, प्रेमचंद बैरवा, गोविंद रानीपुरिया, ललित मीणा, कंवरलाल मीणा, राधेश्याम बैरवा, कालूलाल मीणा, केके विश्नोई, विक्रम बंशीवाल, भागचंद टाकड़ा, रामस्वरूप लांबा, प्रताप सिंह सिंघवी, गोपीचंद मीणा, बहादुर सिंह कोली, शंकर सिंह रावत, मंजू बाघमार, विजय सिंह चौधरी, समाराम गरासिया, रामसहाय वर्मा, पुष्पेंद्र सिंह राणावत, शत्रुघ्न गौतम, पुष्पेंद्र सिंह, रामसहाय वर्मा, रमेश खिंची, शैलेश सिंह, संजय शर्मा, जगतसिंह शामिल हैं। वसुंधरा से मुलाकात करने वाले विधायकों ने कहा कि राजे को मुख्यमंत्री बनाना चाहिए।

वसुंधरा राजे के आवास पर पहुंचे वैर विधायकबहादुर सिंह कोली ने कहा कि राजस्थान की जनता की मांग है कि वसुंधरा राजे को मुख्यमंत्री बनाना चाहिए। मुख्यमंत्री का फैसला शीर्ष नेतृत्व को तय करना है, लेकिन अगर हमारी राय पूछी जाएगी तो हम वसुंधरा राजे का नाम आगे करेंगे। राजे दो बार मुख्यमंत्री रह चुकी हैं और सभी विधायकों का उन्हें समर्थन है।

नसीराबाद से विधायक रामस्वरूप लाम्बा ने वसुंधरा राजे से मुलाकात के बाद कहा कि पीएम मोदी और वसुंधरा राजे द्वारा किए गए कामों के कारण ही राजस्थान में भाजपा की वापसी हुई है। जीते हुए 115 विधायकों का राजे को समर्थन है। नावां विधायक विजय सिंह चौधरी ने कहा कि राजस्थान की जनता चाहती है कि वसुंधरा राजे मुख्यमंत्री बनें।